तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	धन्नाराम बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 138 / 2020	
21.09.20	अपीलार्थी धन्नाराम पुत्र चौथाराम पता ग्राम मंडला कला, तहसील देचू जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 29.07..20 में उसके द्वारा (1) जिला कलक्टर कार्यालय के पत्रांक प. 12(3)राज / शम / कब्रि / आरक्षित / 09 / दिनांक 25.11.2009 द्वारा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम् 1956 की धारा 92 के तहत ग्राम सोडा का मंडला, ग्राम पंचायत मंडलाकला खसरा संख्या 1305 में श्मसान भूमि हेतु आवंटन से संबंधित सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ..(अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना [illegible] से प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Anoop Singh Ind
Date: 2020.10.13 18:16:33 IST
Reason: SelfAttested